देखना चलके राम आएंगे | By Palash Agarwal

तू भी भीलनी के जैसे बुला
देखना चलके राम आएंगे
भावों के मीठे बेर सजा
देखना चलके राम आएंगे

वो प्रेमी के प्रेम को जाने
व्याकुल मन की पीड़ पहचाने
मन की वीणा की तार हिला
देखना चलके राम आएंगे
तू भी भीलनी के जैसे बुला
देखना चलके राम आएंगे

वो रीझे ना छल और कपट से
दर्शन देते हैं ह्रदय के पट से
ऐसी मन में तू ज्योति जला
देखना चलके राम आएंगे
तू भी भीलनी के जैसे बुला
देखना चलके राम आएंगे

शुभ कर्मों के बीज लगाना
फिर सेवा के फूल खिलाना
पद पंकज में दे ला चढ़ा
देखना चलके राम आएंगे
तू भी भीलनी के जैसे बुला
देखना चलके राम आएंगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%87-by-palash-agarwal/